प्रेषक

कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

(1) **निदेशक,**
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(2) **समस्त विभागाध्यक्षगण,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(3) **विभागाध्यक्षों से भिन्न समस्त आचार्य,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(4) **डॉ0 संजीव गुप्ता**
एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(5) **श्री आशीष कुमार गुप्ता**
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दृष्टिबाधितार्थ विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांक : 1133 / पत्रा.सं0–568(द्वितीय) / डा.श.मि.रा.पु.वि. / वि0परि0 / 2024–25 दिनांकः 11 सितम्बर, 2024

**विषयः– डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या–परिषद की 33वीं बैठक दिनांकः 11 सितम्बर, 2024 की बैठक का कार्यवृत्त प्रेषण के संबंध में।**

महोदया / महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या–परिषद की 33वीं बैठक दिनांकः 11 सितम्बर, 2024 को लिये गये निर्णयों का कार्यवृत्त की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

भवदीय,

संलग्नक : यथोपरि।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

## की विद्या परिषद् की

## दिनाँकः 11 सितम्बर, 2024 को आहूत 33वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | अपराह्न : 12:00 बजे |
| स्थान– | प्रशासनिक भवन, पंचम तल स्थित सभागार, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 33वीं बैठक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के पंचम तल पर स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| क्र0 सं0 | विषय |
|---|---|
| 1/33 | **विद्या परिषद की 32वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** विद्या परिषद् की 32वीं बैठक दिनाँक 30 जुलाई, 2024 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। |
| 2/33 | **विद्या परिषद की 32वीं बैठक दिनांक 30 जुलाई, 2024 में लिये गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** विद्या परिषद् की 32वीं बैठक दिनाँक 30 जुलाई, 2024 में किये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या को आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गये एवं विद्या परिषद की 32वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु सं0–2/32 पर किए गये निर्णय के क्रम में विद्या परिषद के 31वीं बैठक में किए गये निर्णयों के अनुपालन आख्या से परिषद अवगत हुई।<br>इसके अतिरिक्त विद्या परिषद की 32वीं बैठक के अन्य बिन्दु सं0–5(B) पर पारित निर्णय के क्रम में विभागाध्यक्षगण द्वारा सम्बन्धित अधिष्ठाता के माध्यम से उपलब्ध कराये गये वाह्य विषय विशेषज्ञों के पन्द्रह नामों का पैनल विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर विद्या परिषद द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी। |
| 3/33 | **विश्वविद्यालय के कुलगीत के सुरों (Tune) में संशोधन के सम्बन्ध में।** |
| | विद्या परिषद् की 32वीं बैठक दिनाँक 30 जुलाई, 2024 के निर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु सं0–12/32 **"अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु"** के उपबिन्दु सं0–10 पर लिए गये निर्णय **"After discussion, the Academic Council expressed its agreement that the Head, Department of Music be authorized for consulting the Technical – Experts of the Board of Studies for composing the Kulgeet into a better tune so that the existing tune is replaced by it in future. The new tune should be made available to the members for their consent in the forthcoming meeting of the Academic Council."** के क्रम में विभागाध्यक्ष, संगीत विभाग द्वारा तद्नुसार कार्यवाही कर कुलगीत के शब्दों को यथावत् रखते हुए उसके सुर (Tune) में परिवर्तन किया गया एवं परिवर्तित सुर (Tune) में कुलगीत को प्रोजेक्टर की सहायता से विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसका विवरण निम्नवत् है :–<br><br>कुलगीत<br>हम बढ़े...<br>बढ़ते रहें... बढ़ते चलें...<br><br>ये हमारा रम्य प्रांगण<br>ज्ञान उत्स प्रणम्य प्रांगण<br>भव्य भारत भूमि पर<br>नव सर्जना साकार प्रांगण। |



(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

| | |
|---|---|
| | अकिंचन टूटे स्वरों को<br>थके हारे अंधेरों को<br>रोशनी के पर लगाता<br>सृजन का संकल्प प्रांगण !<br><br>ये हमारा रम्य प्रांगण...<br><br>अति उदासे अनगनों को<br>राह में छूटे जनों को<br>हाथ लेकर साथ देता<br>सृजन का संकल्प प्रांगण !<br><br>ये हमारा रम्य प्रांगण...<br><br>ये धरा का मान अभिनव<br>नयी ज्योति विहान अभिनव<br>मृदु मनोरम कल्पना<br>शुभ साधना साकार प्रांगण !<br><br>ये हमारा रम्य प्रांगण...<br><br>संशोधित/परिवर्तित सुर (Tune) में विश्वविद्यालय के कुलगीत पर विद्या परिषद की सहमति वांछित है।<br><br>**Decision-** **After hearing and observing the modified tune of the Kulgeet of the University through the projector presented by the Head, Department of Music having completed the procedure as directed, the members of the Academic Council present in the meeting accorded their consent as desired for the modified tune of the Kulgeet of the University.**<br><br>**निर्णयः—** **यथानिर्देशित कार्यवाही पूर्ण करते हुए परिवर्तित सुर (Tune) में विभागाध्यक्ष, संगीत विभाग द्वारा प्रस्तुत कुलगीत के शब्दों को प्रोजेक्टर की सहायता से सुनने एवं देखने के उपरान्त विश्वविद्यालय के कुलगीत के सुर (Tune) में संशोधन/परिवर्तन के सम्बन्ध में विद्या परिषद की आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा यथावांछित सहमति प्रदान की गई।** |
| 4/33 | **दीक्षान्त समारोह में प्रदर्शित होने वाले विश्वविद्यालय की संशोधित वृत्तचित्र (Documentary) के सम्बन्ध में।** |
| | विद्या परिषद् की 32वीं बैठक दिनाँक 30 जुलाई, 2024 के निर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु सं0–12/32 के उपबिन्दु सं0–11 पर लिए गये निर्णय **"After discussion, the Academic Council expressed its agreement that the previous documentary of the University be modified in the light of the present senario for which the concerned Committee was authorized to do the needful."** के क्रम में सम्बन्धित समिति द्वारा प्रस्तुत विश्वविद्यालय के सम्बन्धित वृत्तचित्र (Modified Documentary) को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है जिस पर विद्या परिषद का अनुमोदन वांछित है।<br><br>**Decision-** **After observing the Modified Documentary through the projector presented by the concerned committee and after due deliberations, the desired approval was accorded by the Academic Council on the Modified Documentory to be displayed on the various occasions/functions of the University.**<br><br>**निर्णयः—** **सम्बन्धित समिति द्वारा प्रस्तुत संशोधित वृत्तचित्र को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखते हुए सम्यक विचारोपरान्त विभिन्न अवसरों/समारोहों में प्रदर्शित होने वाले विश्वविद्यालय की संशोधित वृत्तचित्र (Modified Documentary) के सम्बन्ध में यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया।** |



(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

5/33 **विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षान्त समारोह में नामित मुख्य अतिथि के आमंत्रण के सम्बन्ध में।**

विद्या परिषद की आहूत बैठक में उपस्थित मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षान्त समारोह हेतु मुख्य अतिथि के रूप में सुशोभित करने हेतु विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नलिखित महानुभावों के नाम राजभवन से नामित किये जाने हेतु प्रस्तावित किए गए हैं, जो निम्नवत् है :–

01. पद्मश्री मुरली कान्त पेटकर, 644/1, निकट गणेश कालोनी, बस स्टॉप सं0–16, थरगांव, पुणे–411 033, महाराष्ट्र।
02. पद्मश्री डॉ० के. एस. राजन्ना, पूर्व विकलांग आयुक्त, कर्नाटक, विजेता राष्ट्रीय पुरस्कार बैंगलुरू।
03. प्रो० दयाल सिंह पनवार, व्याकरण विभाग, वेद–वेदांग संकाय, श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली।

विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राजभवन द्वारा उक्त महानुभावों में से ''पद्मश्री मुरली कान्त पेटकर'' को नामित किया गया है जिस पर विद्या परिषद का औपचारिक अनुमोदन निवेदित है।

**Decision-** **Formal approval was granted by the Academic Council regarding "Padmshree Murlikant Petkar" to be the Chief – Guest for 11th Convocation of the University nominated by the Rajbhavan, Uttar Pradesh.**

**निर्णयः–** **विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि रूप में राजभवन, उत्तर प्रदेश द्वारा ''पद्मश्री मुरली कान्त पेटकर'' को नामित किए जाने हेतु विद्या परिषद द्वारा औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया।**

6/33 **11वें दीक्षान्त समारोह में उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र एवं पदक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

विद्या परिषद की आहूत बैठक में 11वें दीक्षान्त समारोह में उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र एवं पदक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत विचार–विमर्श करते हुए विद्या परिषद की सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षान्त समारोह का दिनाँक 13 सितम्बर, 2024 को आयोजन किया जा रहा है एवं उक्त आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2023–24 के अन्तर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 1615 (1578+37) उत्तीर्ण/अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को उपाधि/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, जिनमें 1578 स्नातक/परास्नातक एवं 37 पीएच0डी0 कार्यक्रम के विद्यार्थी/शोधार्थी है एवं कुल 159 पदक विद्यार्थियों को प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, जिनका विवरण निम्नवत् है :–

| S.N. | Name of Programme | Name of Degree/ Deploma/Certificate | No of Recipients | No. of Recipients of Medal | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Gold | Silver | Bronze |
| 1 | Under Graduate | Degree | 1179 | 24 | 21 | 23 |
| 2 | Post Graduate | Degree | 399 | 35 | 29 | 27 |
| 3 | Ph.D. | Degree | 37 | - | - | - |
| | | **Grand Total** | **1615** | **59** | **50** | **50** |

उक्त पर विद्या परिषद का अनुमोदन प्रार्थित है।

**Decision-** **After due consideration, the Academic Council accorded its approval for conferring the degree/diploma/certificate to the total 1615 successful students/Research Scholars of Under Graduate, Post Graduate & Ph.D. Programmes of this University and award of 159 medals to the students as per above mentioned table.**



(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

| | |
|---|---|
| | निर्णयः— विद्या परिषद की आहूत बैठक में उपस्थित मा0 सदस्यों द्वारा 11वें दीक्षान्त समारोह में उपाधि/ डिप्लोमा/प्रमाण—पत्र एवं पदक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 11वें दीक्षांत समारोह में तालिकानुसार वर्णित कुल 1615 उत्तीर्ण अर्ह/पात्र विद्यार्थियों/शोधार्थियों को स्नातक/परास्नातक/पीएच0डी0 उपाधि/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट तथा कुल 159 पदक प्रदान किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया। |
| 7/33 | शैक्षणिक सत्र 2023—24 की विषम अधिसत्र एवं सम अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा—2024 की बैक पेपर (विषम एवं सम अधिसत्र)/वार्षिकी परीक्षा—2024 में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को 11वें दीक्षान्त समारोह के अन्तर्गत उपाधि दिये जाने के सम्बन्ध में। |
| | विद्या परिषद की आहूत बैठक में शैक्षणिक सत्र 2023—24 की विषम अधिसत्र एवं सम अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा—2024 की बैक पेपर (विषम एवं सम अधिसत्र)/वार्षिकी परीक्षा—2024 में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को 11वें दीक्षान्त समारोह के अन्तर्गत उपाधि दिये जाने के सम्बन्ध में आहूत बैठक में उपस्थित मा0 सदस्यों द्वारा विस्तृत विचार—विमर्श किया गया। तत्क्रम में बैठक में उपस्थित मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि उक्त नियमित परीक्षाओं की बैक पेपर (विषम अधिसत्र) की परीक्षा भी दिनांक 09.09.2024 को समाप्त हो गई है। उक्त नियमित परीक्षाओ के बैक पेपर (सम अधिसत्र/वार्षिकी) परीक्षा माह सितम्बर/अक्टूबर 2024 हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन दिनांक 20.09.2024 तक भराते हुए उनकी परीक्षायें आयोजित की जायेंगी।<br>साथ ही विद्या परिषद की बैठक में अवगत कराया गया कि तदनुक्रम में छात्र के भविष्य एवं हित के दृष्टिगत् उक्त नियमित परीक्षाओं की बैक पेपर (विषम एवं सम अधिसत्र)/वार्षिकी—माह सितम्बर/ अक्टूबर, 2024 की परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को दी जाने वाली उपाधि को भी विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षान्त समारोह के अन्तर्गत निर्गत उपाधि के अनुक्रम में ही उनकी उपाधि निर्गत करा दी जाए जिस हेतु विद्या परिषद का अनुमोदन निवेदित है।<br>**Decision-** **After due consideration in the interest of the students, the Academic Council granted its approval to issue the degree to the successful/passed candidate appeared in the back-paper examination of odd and even semesters to be held soon after the completion of convocation ceremony in the sequence of the degree issued under the aegis of 11th Convocation of the University.**<br>निर्णयः— विद्या परिषद की आहूत बैठक में सम्यक विचारोपरान्त विद्यार्थियों के हित के दृष्टिगत् दीक्षान्त समारोह के तुरन्त बाद आयोजित होने वाले नियमित परीक्षाओं के बैक पेपर (विषम एवं सम अधिसत्र) की परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को दी जाने वाली उपाधि को विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षान्त समारोह के तत्वाधान में निर्गत उपाधि के अनुक्रम में ही उनकी उपाधि भी निर्गत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| **8/33** | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु :—** |
| 1. | विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के विभिन्न विभागों के बोर्ड आफ स्टडीज से पारित संशोधित पाठ्यक्रम के संबंध में। |
| | विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के विभिन्न विभागों के बोर्ड आफ स्टडीज से पारित संशोधित पाठ्यक्रम पर विद्या परिषद का अनुमोदन प्रार्थित है।<br>**Decision-** **After due consideration, the amendments in the syllabus passed by the Board of Studies of the various departments of the Institute of Engineering and Technology was approved.**<br>निर्णयः— सम्यक विचारोपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के विभिन्न विभागों के बोर्ड आफ स्टडीज से पारित संशोधित syllabus पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |



(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

| | |
|---|---|
| 2. | विश्वविद्यालय में प्रवेश पोर्टल खोले जाने के संबंध में। |
| | विद्या परिषद की आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों को प्रवेश निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में संचालित विभागों में आवंटित सीटों के सापेक्ष अर्हता में प्रवेश नहीं हो पाए हैं एवं सीटें रिक्त रह गयी है जिसके दृष्टिगत विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश पोर्टल कुछ दिवसों हेतु खोला जाना आवश्यक है जिस पर विद्या परिषद निर्णय लेना चाहे।<br><br>**Decision-** After detailed deliberations regarding re-opening of the Admission Portal at the University website, it was resolved that:<br><br>1. All the rules of CUET be complied with.<br>2. No deviation from the Academic Calendar be taken place.<br>3. Admission Portal be re-opened only for three days.<br><br>निर्णयः– विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल खोले जाने के संबंध में सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय पारित किया गया कि–<br>1. सी0यू0ई0टी0 के समस्त नियमों का अनुपालन किया जाए।<br>2. एकेडमिक कैलेण्डर से किसी प्रकार का विचलन ना किया जाए।<br>3. प्रवेश पोर्टल मात्र 03 दिवसों के लिए ही खोला जाए। |
| 3. | विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता, शैक्षणिक एवं निदेशक, रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट सेल बनाये जाने के सम्बन्ध में। |
| | विद्या परिषद के सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के अन्तर्गत विभागों में संचालित पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक गतिविधियों एवं अनुशासन को बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय के पत्रांक–912/फा0सं0–419/2024–25, दिनांक 17.08.2024 द्वारा प्रो0 विनोद कुमार सिंह, आचार्य, अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग को नामित किया गया है।<br>इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के पत्रांक–875/फा0सं0–499/2024–25, दिनांक 12.08.2024 द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार शोध की गुणवत्ता का विस्तार आदि करने हेतु यू0जी0सी0 के दिशा निर्देश के अनुरूप विश्वविद्यालय में प्रो0 अश्वनी कुमार दुबे, आचार्य, राजनीतिशास्त्र को निदेशक, रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट के रूप में नामित किया गया है।<br>**Decision-** Noted.<br><br>निर्णयः– विद्या परिषद उपरोक्त से संज्ञानित हुई। |
| 4. | राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 द्वारा शैक्षिक संवर्ग की भर्ती हेतु निर्गत दिशा–निर्देश के अनुक्रम में विश्वविद्यालय में शैक्षिक संवर्ग के रिक्त पदों के सापेक्ष प्रकाशित विज्ञापन की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा आयोजन हेतु पाठ्यक्रम निर्धारण के सम्बन्ध में। |
| | **Decision-** Guidelines issued by the Governor's Secretariat, Uttar Pradesh, Lucknow through letter No. E-3019/32-GA/2020, dated May 18, 2021 and partial amendment/clarification letter No. E-4229/G.S., dated July 02, 2021, regarding transparency in appointment to various academic posts in the University through direct recruitment were adopted at agenda point no.-9/20 of 20th meeting of the Academic Council held on 24 Aug. 2021 and approved by the Executive Council at agenda point no.-3/33 and 4/34 of the 33th meeting and 34th meeting of Executive Council held on 23-06-2021 and 02-09-2021 respectively.<br>After due delebrations and discussion, it was resolved to adopt the syllabus prescribed by UGC/CSIR for UGC-NET/CSIR-NET examination for conducting the written test for the teaching post as per above guidelines. For subjects where the syllabus of UGC-NET/CSIR-NET is not available, latest syllabus prescribed by the university will be considered for referred examination. |



(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

| | |
|---|---|
| | **निर्णय** :– विश्वविद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति हेतु साक्षात्कार में पारदर्शिता के सन्दर्भ में राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–ई–3019/32–जी0ए0/2020, दिनांक 18 मई, 2021 तथा आंशिक संशोधन/स्पष्टीकरण पत्र सं0–ई–4229/जी0एस0, दिनांक 02 जुलाई, 2021 द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों को विद्या परिषद की दिनांक 24 अगस्त, 2021 को आयोजित 20वीं बैठक के बिन्दु सं0–9/20 में अंगीकृत किया गया तथा कार्य परिषद की 33वीं बैठक दिनांक 23.06.2021 के बिन्दु सं0–3/33 व मा0 कार्य परिषद की 34वीं बैठक दिनांक 02.09.2021 के बिन्दु सं0–4/34 में अनुमोदन प्रदान किया गया हैं।<br>शैक्षिक संवर्ग के विज्ञापित पदों के सापेक्ष भर्ती की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में भर्ती हेतु लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए विषयवार पाठ्यक्रम का निर्धारण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा/सी.एस.आई.आर. (UGC-NET/CSIR-NET) के पाठ्यक्रम को अंगीकृत किये जाने पर विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया, परन्तु यदि किसी विषय/विषयों के लिए यूजीसी नेट/सीएसआईआर नेट पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं है, तो ऐसे विषय/विषयों का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अद्यतन पाठ्यक्रम होगा। |
| 5 | **विशेष आमंत्रित व्यक्ति के रूप में उपस्थित प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदत्त सुझावों के सम्बन्ध में।** |
| | प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उ0प्र0 शासन द्वारा निम्न सुझाव प्रदान किए गये–<br>1. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आवास में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत नवीन पुरूष एवं महिला छात्रावास तैयार कराए जाने हेतु धनराशि रू0 2500.00 लाख के आगणन का नवीन प्रस्ताव शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाए।<br>2. विश्वविद्यालय में स्थापित विवेकानन्द पुस्तकालय की कार्यावधि को बढ़ाया जाना चाहिए।<br>3. विश्वविद्यालय में स्थापित छात्रावास में मरम्मत एवं पानी की टंकियों की सफाई का परस्पर ध्यान रखा जाए।<br>4. शिक्षकवृन्द हेतु फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम होने चाहिए।<br>5. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थानों में दिव्यांग विद्यार्थियों की संख्या बढ़ायी जानी चाहिए।<br>6. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एम0ओ0यू0 होना चाहिए।<br>7. राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रचार–प्रसार होना चाहिए जिससे समस्त देश के दिव्यांगजनों को लाभन्वित किया जा सके।<br>उक्त के सन्दर्भ में विद्या परिषद का निर्णय अपेक्षित है।<br>**Decision-** **Academic Council agreed to the above suggestions.**<br>**निर्णयः–** **विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त सुझावों पर सहमति प्रदान की गयी।** |
| किसी अन्य बिन्दु के अभाव में सधन्यवाद बैठक का समापन किया गया। | |

(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

*****